असाइनमेंट:7 विषय :- हिंदी कक्षा:- तीसरी शिक्षिका:- श्रीमती पूजा सहगल

नामः- _______ सेक्शन :- __ रोल नंबर :- ____ दिनांक:-

क्रिया

परिभाषा :- जिन शब्दों से किसी काम के होने का बोध हो , उन्हें क्रिया शब्द कहते हैं।

जैसे - पढ़ना, लिखना , आना , जाना , सोना , खाना , उड़ना , नहाना आदि।

क्रिया के बिना कोई भी वाक्य पूरा नहीं हो सकता।

वाक्य में प्रयुक्त क्रिया कभी एक शब्द की होती है और कभी अनेक शब्दों की।

1) एक शब्द की क्रिया :-

1. विनय पढ़ा।
2. रमन दौड़ा।
3. मैं पटना गया।

2) अनेक शब्दों की क्रिया :-

1. माँ खाना बना रही हैं।
2. मोर नाच रहा है।
3. महेश पतंग उड़ा रहा है।

अभ्यास

1) क्रिया शब्दों पर गोला लगाइए :-

क) आना	आम	ताला
ख) घर	नदी	हँसना
ग) गमला	पढ़ना	रोटी
घ) सब्ज़ी	फल	बनाना

2) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए :-

क) पुजारिन पूजा कर रही है।

ख) हरी पत्र लिखता है।

ग) हमने पुस्तक पढ़ी।

घ) माता जी टेलीफोन पर बात कर रही हैं।

ङ) मैं कल देर से उठा।

च) रमा ने चादर धो दी।

छ) बच्चा भूखा सो गया।

ज) हम कल मुंबई जाएँगे।

झ) उसने चित्र बनाया।

ञ) वह पत्र लिखेगा ।